238. मरुस्थल के विस्तार को नियंत्रित करने के लिए, वर्ष 1959 में केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) की स्थापना की गई-

(a) जयपुर में (b) जोधपुर में
(c) उदयपुर में (d) जैसलमेर में

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020
RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI) की स्थापना भारत सरकार ने 1959 ई. में जोधपुर में की। यह संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अधीन कार्यरत है। देश का 12% भौगोलिक क्षेत्र शुष्क क्षेत्र की परिधि में आता है।

239. निम्न में से कौनसी रेखा, राजस्थान के दक्षिणी भाग से गुजरती है?

(a) प्रधान मध्याह्न रेखा (b) मकर रेखा
(c) कर्क रेखा (d) विषुवत् रेखा

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) कर्क रेखा राजस्थान के दक्षिणी भाग से गुजरती है। कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है ये राज्य- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा व मिजोरम है।

240. 'मंकी वैली' किसका नाम है?

(a) नाहरगढ़ (b) आमेर
(c) गलताजी (d) जयगढ़

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (c) अरावली पर्वत की गोंद में स्थित पर्यटन स्थल गलताजी में बरसात के दिनों में हरियाली छा जाती है। इस घाटी में बहुत अधिक बन्दर रहते हैं जिसके कारण इसे 'मंकी वैली' कहा जाता है।

241. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

सूची-I	सूची-II
(1) उत्तर-पूर्वी अरावली क्षेत्र	(a) उदयपुर
(2) अरावली का मध्यवर्ती भाग	(b) जयपुर
(3) भोराट क्षेत्र	(c) अलवर
(4) दक्षिणी अरावली	(d) सिरोही

कूट :

	(1)	(2)	(3)	(4)
(a)	(c)	(a)	(b)	(d)
(b)	(a)	(b)	(c)	(d)
(c)	(c)	(b)	(a)	(d)
(d)	(b)	(a)	(d)	(c)

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (c) सही सुमेलन है–

अरावली		**क्षेत्र जनपद**
उत्तरी-पूर्वी अरावली क्षेत्र	–	जयपुर, दौसा, अलवर
अरावली का मध्यवर्ती भाग	–	अजमेर, जयपुर, टोंक
भोराट क्षेत्र	–	उदयपुर
दक्षिणी अरावली	–	सिरोही, उदयपुर, राजसमन्द

242. 'बर्र (बार) दर्रा' राजस्थान के कौन से जिले में अवस्थित है?

(a) अजमेर (b) बूँदी
(c) चित्तौड़गढ़ (d) उदयपुर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) बर्र (बार) दर्जा राजस्थान के अजमेर जिले में अवस्थित है। मध्य अरावली क्षेत्र के अन्तर्गत अजमेर, सांभर क्षेत्र की अरावली पर्वतमाला को सम्मिलित किया जाता है। इस क्षेत्र के खामली घाट एवं गोरमधाट प्रमुख दर्रे हैं।

243. निम्नलिखित में से कौन सा मरुस्थलीकरण का कारण नहीं है?

(a) अतिचारण (b) निर्वनीकरण
(c) नगरीकरण (d) अतिवृष्टि

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019
RPSC RAS/RTS 2012

Ans. (d) अतिचारण, निर्वतनीकरण नगरीकरण आदि मरूस्थलीकरण का कारण है जबकि अतिवृष्टि मरूस्थलीकरण का कारण नहीं है। एक अध्ययन के अनुसार, विश्व में हर वर्ष 12 मिलियन हेक्टेयर उत्पादक भूमि मरूस्थलीकरण और सूखे के कारण बंजर हो जाती है।

244. गिरवा पहाड़ियाँ किस जिले में स्थित है?

(a) डूंगरपुर (b) सिरोही
(c) उदयपुर (d) भीलवाड़ा

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) गिरवा पहाड़ियाँ उदयपुर में स्थित हैं। उदयपुर में ढेबर झील, पिछोला झील, फतेह सागर, आहड़ संस्कृति इत्यादि स्थित है।

245. राजस्थान के नक्शे पर निम्नलिखित में से कौन सा सुदूर दक्षिण में स्थित है?

(a) मेड़ता सिटी (b) सोजत
(c) मारवाड़ जंक्शन (d) राजसमन्द

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) राजस्थान के नक्शे पर राजसमंद दक्षिणतम स्थल है। सोजत व मारवाड़ जक्शन पाली जिले में स्थित हैं जो राजसमंद से उत्तर में है। मेड़ता सिटी नागौर में स्थित है। नागौर राजस्थान के मध्य में स्थित है।

246. तारा बालुका स्तूप कहाँ पाये जाते हैं?

(a) ओसियाँ (b) लूणकरणसर
(c) पोकरण (d) सूरतगढ़

Junior Instructor Welder-26.03.2019
कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) तारा बालुका स्तूप पोकरण, जैसलमेर में पाए जाते हैं। वायु द्वारा निर्मित संरचना बालुका स्तूप होते हैं। बालुका स्तूप मुक्त प्रदेश जैसलमेर के चारो तरफ 65 किमी. क्षेत्र पर विस्तृत है।

247. राजस्थान का जिला, जो गुजरात के बनासकांठा जिले की सीमा को स्पर्श करता है, वह है -

(a) जालौर (b) डूंगरपुर
(c) बाँसवाड़ा (d) बाड़मेर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018